# PRACTICE PAPER (2022-23)

**Class : 10th** **Code - A**

**Roll No.** | | | | | | | | | | |

# हिन्दी

# HINDI

# (ACADEMIC/OPEN)

**Time allowed : 3 Hrs.** **M.M.-80**

---

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ 5 तथा प्रश्न 14 हैं।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये कोड नम्बर तथा सेट को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख्य–पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर–पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।
- उत्तर–पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं0 प्रश्न–पत्र पर अवश्य लिखें।
- कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न–पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

---

नोट : (i) सभो प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

## (खण्ड–क)

प्रश्न 1.(क) (i) वाच्य किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? **2**

(ii) 'बन्दर' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखो। **1**

(ख) (i) अविकारी शब्द किसे कहते हैं? अविकारी शब्द कितने प्रकार के होते है? **2**

(ii) महेश शब्द का संधि विच्छेद करते हुए संधि का नाम लिखिए। **1**

(ग) (i) 'नीलकंठ' शब्द समास विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए। **1**

(ii) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखते हुए उसे वाक्य में प्रयोग कीजिए–
तारे गिनना। 1

(घ) (i) 'बे' उपसर्ग लगाकर दो नए शब्द बनाइए। **1**

(ii) 'यौगिक' शब्द में प्रत्यय छाँटिए। **1**

प्रश्न 2.(ख) (i) रूपक अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए। **2**

(ii) चौपाई छंद की परिभाषा बताते हुए एक उदाहरण लिखिए। **3**

प्रश्न 3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिएः– **5**

(क) सदाचार का महत्त्व
(ख) दहेज प्रथा
(ग) दीपावली
(घ) विद्यार्थी और अनुशासन
(ड़) पुस्तकालयः ज्ञान और स्त्रोत

प्रश्न 4. दैनिक पत्र के सम्पादक के नाम पत्र लिखो जिसमें अपने नगर की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की गई हो।

**अथवा**

मित्र की माता की आकस्मिक मृत्यु पर संवेदना प्रकट करते हुए पत्र लिखिए। **5**

## (खण्ड–ख)

प्रश्न 5. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखिए। **1**x8= 8

(क) तुलसीदास ने 'कौशिक' शब्द किसके लिए प्रयुक्त किया है?

1. ऋषि वशिष्ठ 2. विश्वामित्र 3. भारद्वाज 4. परशुराम

(ख) कवि देव का जन्म कब हुआ?

1. 1673 ई. 2.1678 ई. 3. 1701 ई. 4. 1598 ई. में

(ग) फागुन में गाए जाने वाले गीत है?

1. होरी 2.कजरी 3.फाग 4.सभी

(घ) 'कंथा' शब्द का प्रयोग कवि ने किसके लिए किया है?

1. कथा के लिए 2. अंतर्मन के लिए 3. आत्मा के लिए 4. इतिहास के लिए

(ड़) फसल में किस की प्रधानता है?

1. आत्मा 2. परमात्मा 3. प्रकृति 4. माया

(च) 'पुरइनि पात' शब्द का अर्थ है?

1. सूरजमुखी का पत्ता 2. कमल का पत्ता 3. गुलाब का पत्ता 4. चमेली का पत्ता

(छ) सरगम का अर्थ है?

1. ज्ञान 2. सरककर चलना 3. स्वर बोध 4. सरोवर

(ज) 'चहर पर मत रीझना' में क्या निहित है?

1. फटकार 2. नसीहत 3. तिरस्कार 4. सम्मान

प्रश्न 6. दूसरे कवित्त के आधार पर स्पष्ट करें कि ऋतुराज बसंत के बाल रूप का वर्णन परंपरागत बसंत वर्णन से किस प्रकार भिन्न है? 4

प्रश्न 7. निम्नलिखित काव्यांश के भाव एवं शिल्प सौदर्य को स्पष्ट कीजिए। 4

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेकने के लिए ह
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन है स्त्री जीवन के
माँ ने कहा लड़की होना
पर लड़की जैसी दिखाई मत देना

प्रश्न 8. गोपियों के अनुसर राजा का धर्म क्या होना चाहिए ? 2

## (खण्ड–ग)

प्रश्न 9. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नो के विकल्प चुनकर उत्तर–पुस्तिका में लिखिएः– 1x8=8

(क) देशभक्ति की भावना किस पर निर्भर करती है?

1. धन पर 2. बल पर 3. शान पर 4. मन पर

(ख) बालगोविन भगत का व्यवसाय क्या था?

1. मजदूरी 2. व्यापार 3. खेती–बाड़ी 4. नौकरी

(ग) लेखक की दृष्टि में 'खीरा' किस वर्ग का प्रतीक है?

1. मामूली लोगों के वर्ग का 2. सामंती वर्ग का 3. उच्च वर्ग का 4. मध्य वर्ग का

(घ) फादर बुल्के की जन्मभूमि हैः–

1. भारत 2. पाकिस्तान 3. बेल्जियम 4. अमेरिका

(ङ) पाँच भाई–बहनों में लेखिका किस नंबर पर है?

1. पहले नंबर पर 2. पाँचवें नंबर पर 3. दूसरे नंबर पर 4. चौथे नंबर पर

(च) शहनाई में प्रयोग आने वाली 'रीड' किससे बनाई जाती है?

1. बाँस 2. नरकट 3. स्टील 4. तूंबी

(छ) 'संस्कृति' परिणाम है–

1. उन्नति 2. विकास 3. सभ्यता 4. तरक्की

(ज) 'प्रज्ञा' से जुड़ा जीवधारी है?

1. मानव 2. नाग 3. सिंह 4. मयूर

प्रश्न 10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

भादो की वह अँधेरी अधरतिया, थोड़ी ही देर पहले मूसलाधार वर्षा खत्म हुई है। बादलों की गरज, बिजली की तड़प में आपने कुछ नहीं सुना हो, किंतु अब झिल्ली की झंकार या दादूर की टर–टर बालगोबिन भगत के संगीत को अपने कोलाहल में डुबो नहीं सकती। उनकी खँजड़ी डिमक–डिमक बज रही है और वे गा रहे हैं– "गोदी में पियवा, चमक उठे सखियां, चिहुँक उठे ना।" 1X3 = 3

1. पाठ व रचनाकार का नाम लिखिए।

2. इस गद्यांश में किस मौसम का वर्णन है?

3. बादलों की गरज और बिजली की तड़प में क्या सुनाई नहीं देता?

प्रशन 11. तब की शिक्षा प्रणाली और अब की शिक्षा प्रणाली में क्या अंतर है? स्पष्ट करें। 2

प्रश्न 12. रामवृक्ष बेनीपुरी अथवा महावीर प्रसाद द्विवेदी जी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

## (खण्ड–घ)

प्रश्न 13. कृतिका (भाग–2) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2X5 = 10

(क) लेखक व उसके साथी बारात का जुलूस किस प्रकार निकालते थे?

(ख) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ में लेखक ने हिंदुस्तान की कैसी मानसिकता पर व्यंग्य किया है?

(ग) सिक्किम के अधिकतर लोगों की जीविका का साधन क्या है?

(घ) दुलारी की दो चारित्रिक विशेषताएं लिखिए।

(ड.) राजू किसके पत्र को पढ़ रहा था?

(खण्ड–ड.)

प्रश्न 14. नैतिक शिक्षा पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2X5 = 10

(क) मानवता शब्द का अर्थ स्पष्ट करे?

(ख) 'योग : कर्मसु कौशलम्' की व्याख्या करे?

(ग) राजनीतिक क्षेत्र में मालवीय जी द्वारा दिए गए योगदान का वर्णन करे।

(घ) सरोजिनी नायडू की शिक्षा–दीक्षा किस प्रकार संपन्न हुई?

(ड.) गंगाधर राव ने किसको अपना दत्तक पुत्र बनाया व क्यों?